# चित्रकूट-पुलिस

**(1).**

प्रेसनोट- चित्रकूट पुलिस

दिनांक-18.10.2025

□“मिशन शक्ति फेज-5.0: महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित “मिशन शक्ति अभियान-5.0’□

*सम्मान, स्वालंबन को समर्पित मिशन शक्ति फेज-5.0’ पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति टीम थाना बरगढ़ द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय बरगढ़ में, मिशन शक्ति टीम थाना सरधुवा द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय बरद्वारा में, मिशन शक्ति टीम पहाड़ी द्वारा बिसण्डा तिराहा पर, एवं समस्त थानों की एन्टीरोमियो टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में “मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत छात्र/छात्राओ, महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।*

*इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-*

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण,स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम,निम्न आय वर्ग बस्तियों,गांवों,वार्डों,मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों,कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता,साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी,महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण,गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई ।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर

अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री श्रीप्रकाश यादव के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री गौरव तिवारी एवं हमराहीगण द्वारा 03 अभियुक्तों को जुला खेलते हुए गिरफ्तार किया गया।
उ0नि0 श्री गौरव तिवारी एवं उनकी टीम द्वारा अभियुक्त 1.मनोज सोनकर पुत्र ननकौना 2.अन्नू पुत्र राजू सोनकर 3.धीरेन्द्र पुत्र धर्मपाल निवासीगण वाल्मिकीनगर थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट निवासी सीतापुर था जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड 1060/- रु0 व 52 अदद ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी से 150/- रुपये बरामद किये गये।
गिरफ्तार करने वाली टीम-
1.उ0नि0 श्री गौरव तिवारी थाना मानिकपुर
2.मुख्य आरक्षी अशोक कुमार शर्मा
3.आरक्षी ललित बाबू
**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष राजापुर श्री पंकज तिवारी के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री इमरान खाँ तथा उनके हमराहीगण द्वारा अभियुक्त शिवबली निषाद पुत्र राज कुमार निषाद निवासी मनकुवार थाना मऊ चित्रकूट को 01 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।
बरामदगीः-
01 अदद देशी तमंचा 315 बोर
02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर
गिरफ्तारी करने वाली टीम-
1. उ0नि0 श्री इमरान खाँ थाना राजापुर
2. आरक्षी अजय कुमार
3. आरक्षी शुभम मिश्रा
**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक भरतकूप श्री मनोज कुमार के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री राजकुमार व मुख्य आरक्षी श्री महेश कुमार द्वारा मुकदमा संख्या 531/25 धारा 281,125 (बी) बीएनएस के वारण्टी अभियुक्त अजय मिश्रा पुत्र रामशैया निवासी ग्राम दुगवा थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।
**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह व क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री

राजकमल के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री विनोद कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना रैपुरा पुलिस द्वारा ऑटो चोरी के आरोपी अभियुक्त को चोरी की ऑटो के साथ गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त का नाम पता का विवरण-

कमल निषाद उर्फ चिर्री पुत्र राजकुमार निषाद निवासी बहादुरपुर थानाकोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट

बरामदगी-

01 अदद तीन पहिया चोरी का आटो न0 MP19R4384

गिरफ्तारी का दिनाँक/स्थान/समय-

अगरहुण्डा नहर पुलिया के पास थाना रैपुरा/17.10.025/ 22.46 बजे

संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 17/10/2025 को उ0नि0 श्री राजेश कुमार मय हमराह उ0नि0 श्री सुभाष राम व उनकी टीम बोडी पोखरी चौराहा पर धनतेरस व दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चैकिंग कर रहे थे तभी मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक अपराधी किस्म का व्यक्ति जो कुछ दिन पहले अपने साथी के साथ मिलकर थाना नयागांव जनपद सतना (म0प्र0) से एक ऑटो चोरी किया है जो लालापुर की तरफ से इसी ओर आ रहा है अगर जल्दी किया जाए तो पकड़ा जा सकता है । मुखबिर खास की सूचना पर विश्वास कर पुलिस टीम ने अगरहुण्डा नहर पुलिया के पास पहुँचे तथा लालापुर की तरफ से आ रहे तीन पहिया वाहन ऑटो तथा उसके चालक को मौके पर ही पकड़ लिया पकड़े गये व्यक्ति से नाम व पता पूंछते हुए जामा तलाशी लेते हुए ऑटो का निरीक्षण किया गया तो अपना नाम कमल निषाद उर्फ चिर्री पुत्र राजकुमार निषाद निवासी बहादुरपुर थाना-कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट बताया । ऑटो का निरीक्षण करने रजि0 नं0 MP19R4384 महिन्द्रा अल्फा चेसिस नं0 MA1LP2FYSF5J94880 इंजन न- R5J2691367 अंकित है। पकड़े गये व्यक्ति से आटो के प्रपत्र तलब किया तथा वाहन स्वामी का नाम पूछा गया तो हड़बड़ा गया तथा बताया कि मुझे जानकारी नहीं कि यह ऑटो किसके नाम से है। संदेह होने पर द्वारा e-Challan App पर बरामद वाहन का रजि0 नं0 MP19R4384 का विवरण डालकर चेक किया गया तो वाहन स्वामी का नाम भक्तराज त्रिपाठी S/O राम राघव शरण त्रिपाठी निवासी जानकी कुण्ड वार्ड नं0 11 चित्रकूट (म0प्र0) आया । वाहन स्वामी भक्तराज त्रिपाठी के मो0नं0 सम्पर्क किया तो वाहन स्वामी ने बताया कि आटो सं0 MP19R4384 का मैं स्वामी हूँ। दिनांक 14/10/25 को रात में ऑटो मैंने अपने घर जानकीकुण्ड थाना नयागांव जनपद सतना (म0प्र0) में बाहर खड़ी कर दी थी । दिनांक 15/10/25 को रात करीब 02.00 बजे दो व्यक्तियों द्वारा मेरी आटो चोरी कर ली गयी है । इसके सम्बन्ध में मेरे द्वारा थाना-नयागांव जनपद सतना (म0प्र0) में मु0अ0सं0 212/25 धारा- 303(2) B.N.S दिनांक 16.10.25 को पंजीकृत कराया है । पकड़े गये व्यक्ति से सख्ती से पूंछताछ की गयी कि तो बताया कि मैं ऑटो चलाता हूँ मेरा साथी शिब्बू उर्फ शिवम पुत्र रामशरण निवासी रैपुरा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट भी आटो चलाता है हम दोनों ने मिलकर दिनांक 15.10.25 की रात जानकी कुण्ड (म0प्र0) में यह आटो चोरी किया था।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. उ0नि0 श्री राजेश कुमार थाना रैपुरा
2. उ0नि0 श्री सुभाष राम थाना रैपुरा
3. आरक्षी राघवेन्द्र राजपूत

**(6).**आज दिनाँक 18.10.2025 को आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा श्री अजीत कुमार एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस0 द्वारा जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी०एन० व पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह

की उपस्थिति में दीपावली/कार्तिक अमावस्या मेला डियूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया गया। ब्रीफिंग सभी को कहा गया कि सभी अपनी-अपनी डियूटी पर समय से पहुचेंगे,कोई भी अधिकारी/कर्मचारी डियूटी में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करेगा। ड्यूटी के दौरान सभी श्रद्धालुओं से नम्रतापूर्वक व्यवहार करेगें।
पूरे मेल को सकुशल संपन्न करने के लिए 08 जोन व 22 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट के अलावा 17 पुलिस क्षेत्राधिकारी, 22 थाना प्रभारी निरीक्षक, 35 निरीक्षक, 258 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस,13 महिला उपनिरीक्षक,892 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल,124 महिला कांस्टेबल,12 उपनिरीक्षक यातायात, 88 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल यातायात, 03 पीएससी कंपनी, 05 उपनिरीक्षक एलआईयू, 37 हेड कान्सटेबल/कान्सटेबल एलआईयू,03 क्रेन, 03 एसचैक टीम, 02 डॉग स्क्वायड, 05 फायर टेण्डर,02 फ्लड पीएसी की डियूटी लगाई गई है।
इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह, उप जिलाधिकारी कर्वी सुश्री पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविंद कुमार वर्मा,क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राजकमल,क्षेत्राधिकारी मऊ श्री फहद अली, क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री यामीन अहमद एवं मेला ड्यूटी में लगे समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

**(7).** आज दिनांक 18.10.2025 को जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी एन एवं पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दीपावली मेला की व्यवस्थाओं को लेकर तीर्थ क्षेत्र रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग सहित विभिन्न पार्किंग स्थलों का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पार्किंग स्थलों पर एवं रामघाट परिक्रमा मार्ग पर साफ सफाई व्यवस्था प्रकाश व्यवस्था पेयजल शौचालय आदि सभी व्यवस्थाओं को देखा उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को निर्देश दिए की रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग की अच्छी साफ-सफाई कराई जाए रामघाट में परिक्रमा मार्ग पर कोई भी दुकानदार अतिक्रमण न करने पाए पार्किंग स्थलों पर बैनर भी लगाया जाए परिक्रमा मार्ग पर जो कारपेट बिछाया गया है उसकी भी लगातार साफ सफाई कराई जाए मेला कंट्रोल रूम रामघाट एवं परिक्रमा पथ पर जो बनाया गया है लगातार सीसीटीवी कैमरा का संचालन होता रहे जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने दोनों कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरा संचालन की व्यवस्था को भी देखा। पुलिस अधीक्षक ने रामघाट पर खड़े वाहन स्वामियों से कहा कि तत्काल अपने वाहन हटवाले नहीं तो आपके वाहनों का चालान कर दिया जाएगा अधिशासी अभियंता सिंचाई को जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की नदी के पानी को और खोल दिया जाए, पर्यटन विभाग की जो टीन शेड राम घाट पर लगाई गई है वहां पर अवैध दुकान जो लगी है उनको भी तत्काल हटाया जाए, पार्किंग स्थलों पर सभी सुविधाएं रहे यह सभी लोग सुनिश्चित कर ले, चौपड़ा तालाब परिक्रमा मार्ग की भी अच्छी तरह से साफ सफाई कराई जाए, चाय की दुकानों पर जो छोटे सिलेंडर रखकर चाय बना रहे हैं उनको तत्काल हटवाया जाए, जलेबी वाली गली में जो दुकानदार सिलेंडर व गैस भट्टी बाहर की तरफ रखकर बना रहे हैं उनको भी तत्काल हटाया जाए, जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों तथा पुलिस फोर्स को निर्देश दिए की रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग पर किसी भी तरह का पथ पर अतिक्रमण नहीं होना चाहिए इसको सभी अधिकारी सुनिश्चित करें। सभी जोनल सेक्टर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा पुलिस फोर्स अपने-अपने तैनाती स्थल पर तैनात रहकर मेल को सकुशल संपन्न कराए।
इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री उमेश चन्द्र निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक श्री अरुण कुमार,उप जिलाधिकारी कर्वी सुश्री पूजा साहू,अपर उप जिलाधिकारी श्री अजय यादव, श्री सौरभ यादव,अधिशासी अभियंता सिंचाई श्री एस के प्रसाद, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी श्री लाल जी यादव, सभासद श्री अरुण कुमार त्रिपाठी उर्फ जुग्गू भइया सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**(8).**आज दिनांक 18.10.2025 को पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान श्री अजेय कुमार शर्मा के पर्यवेक्षण में दीपावली/कार्तिक अमावस्या मेला के अवसर पर रामघाट बुढ़े हनुमान मंदिर, मत्स्य गजेंद्र नाथ मंदिर, खोया पाया केंद्र, संपूर्ण रामघाट की व मेला क्षेत्र की एएसचेक टीम बांदा, डॉग स्क्वाड एवं एलआईयू की संयुक्त टीम द्वारा सघन चेकिंग कराई गई।

**(9).**पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक भरतकूप श्री मनोज कुमार के मार्गदर्शन में थाना भरतकूप पुलिस ने गुमशुदा व्यक्ति को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द।
उल्लेखनीय है कि दिनाँक 18.10.025 को पीआरवी 4413 में इवेन्ट नं0 04240 पर कॉलर रामफल पुत्र सुखदेव द्वारा सूचना दी गयी कि उसका पुत्र संतोष कुमार सिंह रात्रि तीन बजें घर से बिना बताये कही चला गया है जो कि मानसिक रुप से विछिप्त भी है। इस सूचना पर अपराध निरीक्षक श्री अभयराज मय हमराही आरक्षी प्रवीण पाण्डेय व पीआरवी द्वारा आस पास के लगे सीसीटीवी कैमरो से उक्त व्यक्ति की खोजबीन की गयी तो उक्त गुमशुदा संतोष कुमार सिंह रेलवे स्टेशन कस्बा भरतकूप चित्रकूट पर मिल गया।जिसको उसके पिता रामफल व परिवारजनों को सुपुर्द किया गया।
व्यक्ति को पाकर परिवारीजनों के चेहरे पर लौटी मुस्कान,कहा चित्रकूट पुलिस को धन्यवाद।

**(10).**आज दिनाँक 18.10.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में धनतेरस/दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु थाना कोतवाली कर्वी पुलिस बल द्वारा कर्वी शहर के सर्राफा मारकेट शंकर बाजार,धनुष चौराहा एवं मिश्रित आबादी क्षेत्र,बाजार, भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का एहसास कराया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सड़क पर अवैध रुप किए अतिक्रमण को हटवाया गया साथ ही शराब की दुकान,होटल/ढाबा एवं दो/चार पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।
पैदल गस्त के दौरान पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह व अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहें।